Prepp
Your Personal Exams Guide

# UGC NET PAPER 2 DECEMBER 28, 2014 SHIFT 1 HISTORY QUESTION PAPER

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Which one of the below mentioned sites is not Harappan ?

(A) Padri (B) Kuntasi

(C) Bhirrana (D) Jakhera

**2.** Which one of the following pairs is not correctly matched ?

| **(Vedas)** | | **(Their Brahmanas)** |
|---|---|---|
| (A) Rigveda | – | Aitareya Brahmana |
| (B) Samaveda | – | Taittiriy Brahmana |
| (C) Yajurveda | – | Satapatha Brahmana |
| (D) Atharvaveda | – | Gopatha Brahmana |

**3.** Asvapati of the Upanishadic age was the ruler of ?

(A) Kekaya (B) Madra

(C) Panchala (D) Usinara

**4.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the code given below :

| **List – I (States)** | **List – II (Capitals)** |
|---|---|
| a. Matsya | i. Vaisali |
| b. Vatsa | ii. Indraprastha |
| c. Vriji | iii. Viratanagara |
| d. Kuru | iv. Kausambi |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iv | iii |
| (B) | ii | iii | i | iv |
| (C) | iii | iv | i | ii |
| (D) | iv | i | iii | ii |

www.prepp.in

**निर्देश :** इस प्रश्न-पत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** निम्नांकितों में से कौन सा हड़प्पायुगीन नहीं है ?

(A) पाद्री
(B) कुन्तसी
(C) भिर्राना
(D) जखेड़ा

**2.** निम्नलिखित में से कौन सा एक युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

| | **(वेद)** | | **(उनके ब्राह्मण)** |
|---|---|---|---|
| (A) | ऋग्वेद | – | ऐतरेय ब्राह्मण |
| (B) | सामवेद | – | तैत्तिरीय ब्राह्मण |
| (C) | यजुर्वेद | – | शतपथ ब्राह्मण |
| (D) | अथर्ववेद | – | गोपथ ब्राह्मण |

**3.** उपनिषद्कालीन अश्वपति कहाँ का राजा था ?

(A) कैकेय
(B) मद्र
(C) पांचाल
(D) उशीनर

**4.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिये :

| **सूची – I (राज्य)** | **सूची – II (राजधानी)** |
|---|---|
| a. मत्स्य | i. वैशाली |
| b. वत्स | ii. इन्द्रप्रस्थ |
| c. वृजि | iii. विराटनगर |
| d. कुरु | iv. कौशाम्बी |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iv | iii |
| (B) | ii | iii | i | iv |
| (C) | iii | iv | i | ii |
| (D) | iv | i | iii | ii |

Prepp
Your Personal Exams Guide

**5.** Which among the following contemporary sects is said to have played a role in the overthrow of the Nanda dynasty ?

(A) Ajivaka (B) Bauddha

(C) Charavaka (D) Jaina

**6.** Which of the following was an administrative centre of the southern part of Ashokan Empire ?

(A) Tosali (B) Samapa

(C) Suvarnagiri (D) Ujjayini

**7.** In which of the following forms of ancient Indian marriages was the payment of bride price a condition ?

(A) Arsha (B) Asura

(C) Daiva (D) Prajapatya

**8.** The Padirruppattu is a collection of poems in praise of

(A) Chera Kings (B) Pandya Kings

(C) Chola Kings (D) Tondaiman Kings

**9.** Kayarohana, said to be dwelling place of Lakulisa, the founder of the Lakulisa-Pasupata cult, is located in which one of the following ?

(A) Bengal (B) Uttar Pradesh

(C) Rajasthan (D) Gujarat

Prepp
Your Personal Exams Guide

5. निम्नलिखित में से किस समकालीन सम्प्रदाय की नन्द वंश के विनाश में भूमिका बताई जाती है ?

(A) आजीवक
(B) बौद्ध
(C) चारवाक
(D) जैन

6. निम्नलिखित में कौन सा अशोक के साम्राज्य के दक्षिणी भाग का एक प्रशासकीय केन्द्र था ?

(A) तोसली
(B) समापा
(C) सुवर्णगिरि
(D) उज्जयिनी

7. निम्नलिखित प्राचीन भारतीय विवाह पद्धतियों में किस एक में वधु-शुल्क देने का नियम था ?

(A) आर्ष
(B) असुर
(C) दैव
(D) प्रजापत्य

8. पदिद्रुप्पत्तु कहाँ के राजाओं की प्रशंसा में लिखी गई कविताओं का संग्रह है ?

(A) चेर
(B) पांड्य
(C) चोल
(D) तोंडैमान

9. कायारोहण, जिसे लकुलीश-पाशुपत सम्प्रदाय के संस्थापक लकुलीश का निवास स्थान माना जाता है, निम्नांकित में कहाँ था ?

(A) बंगाल
(B) उत्तर प्रदेश
(C) राजस्थान
(D) गुजरात

Prepp
Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**10.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the code given below :

| **List – I (Dynasties)** | | **List – II (Founders)** | |
|---|---|---|---|
| a. | Satavahanas | i. | Vindhyasakti |
| b. | Vakatakas | ii. | Indravarman-I |
| c. | Eastern Gangas | iii. | Sri Gupta |
| d. | Guptas | iv. | Simuka |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | i | ii | iii |
| (B) | iii | ii | i | iv |
| (C) | i | iii | ii | iv |
| (D) | ii | i | iv | iii |

**11.** Which of the following Gupta inscriptions describes Chandragupta II as Rajadhirajarshi ?

(A) Udaigiri Cave Inscription of Chandragupta II

(B) Mathura Stone Inscription of Chandragupta II

(C) Poona Copper Plate of Prabhavatigupta

(D) Bilsad Pillar Inscription of Kumaragupta I

**12.** Varahamihira, the $6^{th}$ century astronomer, belonged to which part of the country ?

(A) Western Malwa (B) Northern Gujarat

(C) Southern Rajasthan (D) South Magadh

**13.** In the Aihole Inscription of Pulakesin, its composer Ravikirti describes himself as an equal of the below mentioned writers :

(1) Banabhatta (2) Kalidasa

(3) Bhasa (4) Bharavi

Select your answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) (1) and (3) (B) (2) and (4)

(C) (2) and (3) (D) (4) only

Prepp
Your Personal Exams Guide

**10.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिये और नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| **सूची – I (राजवंश)** | | **सूची – II (संस्थापक)** | |
|---|---|---|---|
| a. | सातवाहन | i. | विन्ध्यशक्ति |
| b. | वाकाटक | ii. | इन्द्रवर्मन्-I |
| c. | पूर्वी गंग | iii. | श्रीगुप्त |
| d. | गुप्त | iv. | सिमुक |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | i | ii | iii |
| (B) | iii | ii | i | iv |
| (C) | i | iii | ii | iv |
| (D) | ii | i | iv | iii |

**11.** निम्नलिखित में से किस गुप्त अभिलेख में चन्द्रगुप्त द्वितीय 'राजाधिराजर्षि' के रूप में वर्णित हैं ?

(A) चन्द्रगुप्त द्वितीय का उदयगिरि गुहा अभिलेख

(B) चन्द्रगुप्त द्वितीय का मथुरा प्रस्तर अभिलेख

(C) प्रभावतीगुप्ता का पूना ताम्रपत्र

(D) कुमारगुप्त प्रथम का बिलसद प्रस्तर अभिलेख

**12.** छठी सदी के खगोलज्ञ वराहमिहिर देश के किस भाग से सम्बन्धित थे ?

(A) पश्चिम मालवा (B) उत्तर गुजरात

(C) दक्षिण राजस्थान (D) दक्षिण मगध

**13.** पुलकेशिन के ऐहोल अभिलेख के लेखक रविकीर्ति ने स्वयं को निम्नांकित लेखकों के बराबर माना है :

(1) बाणभट्ट (2) कालिदास

(3) भास (4) भारवि

अपने उत्तर का चयन निम्नांकित कूट में से कीजिये :

**कूट :**

(A) (1) और (3) (B) (2) और (4)

(C) (2) और (3) (D) केवल (4)

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**14.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and other labelled as Reason (R) :

**Assertion (A) :** No power, South of the Vindhyas, other than the Rashtrakutas, played a dominant role in the early history of North India.

**Reason (R) :** The Kalachuris of Central India, who were related to the Rahstrakutas actively supported them.

In the context of the above two statements which of the following is correct ?

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**15.** Arrange the following names in chronological order and select the correct answer from the code given below :

(a) Vikrama Chola

(b) Virarajendra – I

(c) Rajaraja – II

(d) Kulottunga – III

**Codes :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (a) | (b) | (d) | (c) |
| (B) | (b) | (a) | (c) | (d) |
| (C) | (c) | (d) | (b) | (a) |
| (D) | (d) | (c) | (a) | (b) |

**16.** Who among the following are known to be devotes of Siva ?

1. Harsha of Kannauj
2. Vijayasena of Bengal
3. Bhoja Paramara
4. Govindachandra Gahadavala

Select the correct answer from the codes below :

(A) 1 and 2

(B) 2 and 3

(C) 3 and 4

(D) 1, 2, 3 and 4

Prepp Your Personal Exam Guide

**14.** नीचे दो वक्तव्य दिये गये हैं । इनमें एक कथन (A) और दूसरा कारण (R) है :

**कथन (A) :** विन्ध्य के दक्षिण में, राष्ट्रकूटों के अतिरिक्त कोई ऐसी शक्ति नहीं थी जिसने उत्तर भारत के पूर्वकालीन इतिहास में प्रभावशाली भूमिका निभाई हो ।

**कारण (R) :** मध्य भारत के कलचुरियों ने, जिनका राष्ट्रकूटों से सम्बन्ध था, उनकी सक्रिय रूप से सहायता की ।

उपर्युक्त दोनों वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है ।

**15.** निम्नांकितों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कर सही उत्तर का चयन कूट में से कीजिए :

(a) विक्रम चोल

(b) वीरराजेन्द्र – I

(c) राजराज – II

(d) कुलोत्तुंग – III

**कूट :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (a) | (b) | (d) | (c) |
| (B) | (b) | (a) | (c) | (d) |
| (C) | (c) | (d) | (b) | (a) |
| (D) | (d) | (c) | (a) | (b) |

**16.** निम्नलिखित में से कौन शिवभक्त के रूप में ज्ञात हैं ?

1. कन्नौज का हर्ष
2. बंगाल का विजयसेन
3. भोज परमार
4. गोविन्दचन्द्र गहड़वाल

नीचे के कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) 1 एवं 2

(B) 2 एवं 3

(C) 3 एवं 4

(D) 1, 2, 3 एवं 4

17. Angkor Vat, the grandest monument in Cambodia was originally dedicated to

(A) Buddha (B) Siva

(C) Surya (D) Vishnu

18. Which one of the following is not correctly matched ?

(A) Tabaqat-i-Akbari – Nizamuddin Ahmad

(B) Shah Jahan Nama – Inayat Khan

(C) Baharistan-i-Ghaybi – Mirza Haider Daughlat

(D) Nuskha-i-Dilkusha – Bhim Sen

19. Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| List – I (Author) | List – II (Books) |
|---|---|
| a. Irfan Habib | i. *Military Technology in Hoysala Sculpture (Twelfth and Thirteenth Century)* |
| b. Joseph Needham | ii. *Gunpowder and Firearms : Warfare in Medieval India* |
| c. Iqtidar Alam Khan | iii. *Science and Civilization in China* |
| d. Jean Deloche | iv. *Medieval Technology : Exchanges between India and the Islamic World* |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | ii | iii | i |
| (B) | ii | iv | i | iii |
| (C) | ii | i | iii | iv |
| (D) | iv | iii | ii | i |

20. Which one of the following statements is correct about medieval painting ?

(A) The early phase of medieval tradition which mingles with Ajanta survivals at Ellora, is characterised by sharp lines, pointed angles, absence of colour modelling and an inclination towards variegated decoration.

(B) This 'medieval' element is not found in the wall-paintings of South Indian temples at Thanjavur and Tirumalai.

(C) Non-mural paintings did not survive on palm-leaves from the Pala period in Eastern India and Nepal.

(D) All above are correct.

**17.** कम्बोडिया का भव्यतम स्मारक अंगकोर वाट मूलत: किसे समर्पित था ?

(A) बुद्ध (B) शिव

(C) सूर्य (D) विष्णु

**18.** निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है ?

(A) तबक़ात-ए-अकबरी – निज़ामुद्दीन अहमद

(B) शाहजहाँनामा – इनायत ख़ान

(C) बहारिस्तान-ए-ग़ैबी – मिर्ज़ा हैदर दोगलात

(D) नुस्ख़ा-ए-दिलकुशा – भीमसेन

**19.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I (लेखक)** | **सूची – II (पुस्तक)** |
|---|---|
| a. इरफान हबीब | i. *मिलिटरी टेक्नोलोजी इन होवसल स्कल्पचर (ट्वेल्फ्थ एण्ड थर्टीन्थ सेंचुरी)* |
| b. जोसफ नीधम | ii. *गनपाउडर एण्ड फायरआर्म्स : वारफेयर इन मिडिवल इंडिया* |
| c. इक़्तिदार आलम ख़ान | iii. *साइंस एण्ड सिविलाइजेशन इन चाइना* |
| d. जीन डिलोश | iv. *मिडिवल टेक्नोलोजी : एक्सचेंजेज बिटवीन इंडिया एण्ड द इस्लामिक वर्ल्ड* |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | ii | iii | i |
| (B) | ii | iv | i | iii |
| (C) | ii | i | iii | iv |
| (D) | iv | iii | ii | i |

**20.** मध्यकालीन चित्रकला के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(A) 'मध्यकालीन' कला की प्रारम्भिक अवस्था, जो एलोरा में अजंता के अवशेषों के साथ मिली हुई है, की विशेषताएँ हैं : पैनी रेखाएँ, पैने कोण, रंगीन मॉडलिंग का अभाव तथा रंग-बिरंगी सजावट की तरफ झुकाव ।

(B) यह 'मध्यकालीन' तत्त्व तंजावुर और तिरुमलाई के दक्षिण भारतीय मंदिरों के भित्तिचित्रों में नहीं मिलते हैं ।

(C) पूर्वी भारत एवं नेपाल में पाल शासन काल से अभित्तिचित्र ताड़पत्र पर बचे नहीं रहे ।

(D) उपर्युक्त सभी सही हैं ।

**21.** What is the correct chronology of the following Slave Sultans as they succeeded to the throne of Delhi Sultanate ?

(A) Ruknuddin Firoz Shah – Alauddin Masud Shah – Muizzuddin Bahram Shah – Nasiruddin Mahmud

(B) Muizzuddin Behram Shah – Nasiruddin Mahmud – Ruknuddin Firoz Shah – Alauddin Masud Shah

(C) Ruknuddin Firoz Shah – Muizzuddin Bahram Shah – Alauddin Masud Shah – Nasiruddin Mahmud

(D) Alauddin Masud Shah – Ruknuddin Firoz Shah – Muizzuddin Bahram Shah – Nasiruddin Mahmud

**22.** The head of the royal intelligence service under the administration of Alauddin Khilji was called

(A) Diwan-i-riyasat
(B) Barid-i-mamlik
(C) Shahna-i-mandi
(D) Ariz-i-mamlik

**23.** Nayankara system of the Vijayanagar Empire was modelled on the

(A) Iqta assignments of the Sultanate
(B) Warfare of the Sultans
(C) Legal system of the Sultanate
(D) None of the above

**24.** "People were happy and contended under his rule and so the young and the old, the slave and the free, condoled his death by wearing black garments", Ferishta in his Tarikh-i-Ferishta writes this for which Saiyyid Sultan ?

(A) Khizr Khan
(B) Mubarak Shah
(C) Muhammad Shah
(D) Alauddin Shah

**25.** Who among the following opined that women should be confined to the house and work on spinning wheel ?

(A) Minhaj Siraj and Hasan Nizami
(B) Amir Khusrau and Isami
(C) Yahya bin Ahmad and Zia-ud-din Barani
(D) Shams-i Siraj Afif and Mahmud Shadiabadi

**26.** Identify the pair of architect and calligrapher associated with the tomb of Ataga Khan, built in 1566-67 by his son Mirza Aziz Koka.

(A) Ustad Khuda Quli and Baqi Muhammad
(B) Mirak Sayyid Ghiyas and Mirak Mirza Ghiyas
(C) Ahmad-al-Chishti and Riyaz Bukhari
(D) Ustad Bilal and Ustad Qayamat Husain

Prepp
Your Personal Exams Guide

**21.** दिल्ली-सल्तनत के उत्तराधिकारी निम्नलिखित गुलाम सुल्तानों का सही काल-क्रम क्या है ?

(A) रुकनुद्दीन फिरोज़शाह – अलाउद्दीन मसूदशाह – मुईज़्जुद्दीन बहरामशाह – नासिरूद्दीन महमूद

(B) मुईज़्जुद्दीन बहरामशाह – नासिरूद्दीन महमूद – रुकनुद्दीन फिरोज़शाह – अलाउद्दीन मसूदशाह

(C) रुकनुद्दीन फिरोज़शाह – मुईज़्जुद्दीन बहरामशाह – अलाउद्दीन मसूदशाह – नासिरूद्दीन महमूद

(D) अलाउद्दीन मसूदशाह – रुकनुद्दीन फिरोज़शाह – मुईज़्जुद्दीन बहरामशाह – नासिरूद्दीन महमूद

**22.** अलाउद्दीन खिलजी कालीन प्रशासन में राजसी खुफिया विभाग का मुखिया क्या कहलाता था ?

(A) दीवान-ए-रियासत
(B) बरीद-ए-ममलिक
(C) शाहना-ए-मंडी
(D) आरीज़-ए-ममलिक

**23.** विजयनगर साम्राज्य की नायंकार व्यवस्था निम्न से किस पर आधारित थी ?

(A) सल्तनतकालीन इक़्ता व्यवस्था
(B) सुल्तानों की युद्ध प्रणाली
(C) सुल्तानों की विधि प्रणाली
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**24.** "लोग उसके शासन काल में प्रसन्न और संतुष्ट थे, अत: जवान और बूढ़े, गुलाम और आज़ाद सभी ने काले कपड़े पहन कर उसके निधन का शोक मनाया ।" किस सैयद सुल्तान के विषय में फरिश्ता अपनी तारीख-ए-फरिश्ता में यह लिखता है ?

(A) ख़िज्र ख़ान
(B) मुबारक शाह
(C) मुहम्मद शाह
(D) अलाऊद्दीन शाह

**25.** निम्नलिखित में से किसने यह राय व्यक्त की कि महिलाओं को घर की चाहरदीवारी में रहना चाहिए और चरखा कातना चाहिए ?

(A) मिन्हाज सिराज और हसन निज़ामी

(B) अमीर खुसरो और इसामी

(C) याह्या बिन अहमद और ज़ियाउद्दीन बरनी

(D) शम्स-ए सिराज अफीफ और महमूद शादियाबादी

**26.** अतग़ा ख़ान के मकबरे, जिसे उसके पुत्र मिर्ज़ा अज़ीज कोका ने 1566-67 में बनवाया था, से संबद्ध वास्तुविद् और सुलेखकार (खुशनवीस) के युग्म को चिन्हित कीजिए ।

(A) उस्ताद ख़ुदा क़ुली और बाक़ी मुहम्मद

(B) मीरक सैयद ग़ियास और मीरक मिर्ज़ा ग़ियास

(C) अहमद-उल चिश्ती और रियाज़ बुखारी

(D) उस्ताद बिलाल और उस्ताद क़यामत हुसैन

Prepp
Your Personal Exams Guide

**27.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| **List – I (Terms)** | | **List – II (Meaning)** | |
|---|---|---|---|
| a. | Bitikchi | i. | Court chronicler |
| b. | Mir'adl | ii. | Tribe |
| c. | Ulus | iii. | Chief Justice |
| d. | Waqia nawis | iv. | Military scribe or secretary |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | i | iii | iv | ii |
| (C) | iv | iii | i | ii |
| (D) | iv | iii | ii | i |

**28.** Which one of the following represents the correct chronology in respect of coming of the European trading nations into India during the medieval period ?

(A) Dutch – Portuguese – English – French

(B) Portuguese – English – French – Dutch

(C) Portuguese – Dutch – English – French

(D) English – Portuguese – French – Dutch

**29.** Which one of the following Mughal emperors claimed that he could distinguish which painters had drawn the outline and who had filled in the colours or drawn the face ?

(A) Humayun (B) Akbar

(C) Jahangir (D) Aurangzeb

**30.** Which of the following pairs is not correctly matched ?

(A) Maasir-i Alamgiri – Saqi Mustaid Khan

(B) Maasir-ul Umara – Abul Qasim Namakin

(C) Muntakhab ut Tawarikh – Abdul Qadir Badauni

(D) Akhbaru'l Akhyar – Abdul Haq

Prepp
Your Personal Exams Guide

**27.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I (शब्दावली)** | | **सूची – II (अर्थ)** |
|---|---|---|
| a. | बिटीकची | i. दरबारी इतिहासकार |
| b. | मीर अदल | ii. क़बीला |
| c. | उलूस | iii. मुख्य न्यायाधीश |
| d. | वाक़या नवीस | iv. सैन्य लिपिकार अथवा सचिव |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | i | iii | iv | ii |
| (C) | iv | iii | i | ii |
| (D) | iv | iii | ii | i |

**28.** मध्यकालीन भारत में व्यापार के लिए आए यूरोपीय देशों के सम्बन्ध में कौन सा सही कालक्रम है ?

(A) डच – पुर्तगाली – अंग्रेज – फ्रांसीसी

(B) पुर्तगाली – अंग्रेज – फ्रांसीसी – डच

(C) पुर्तगाली – डच – अंग्रेज – फ्रांसीसी

(D) अंग्रेज – पुर्तगाली – फ्रांसीसी – डच

**29.** निम्नलिखित मुग़ल शासकों में से किसने यह दावा किया था कि वह यह अंतर कर सकता है कि किस चित्रकार ने रेखाचित्र बनाया है और किसने उसमें रंग भरा है या उसका चेहरा तैयार किया है ?

(A) हुमायूँ (B) अकबर

(C) जहाँगीर (D) औरंगज़ेब

**30.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?

(A) मआसिर-ए-आलमगिरी – साकी मुस्तईद ख़ान

(B) मआसिर-उल-उमरा – अबुल क़ासिम नमकीन

(C) मुन्तख़ब-उत-तवारीख – अब्दुल क़ादिर बदायूंनी

(D) अख़बार-उल-अख़ियार – अब्दुल हक़

**31.** Essentially the Mughal India had

(A) One-crop-a-year economy

(B) Two-crops-a-year economy

(C) Three-crops-a-year economy

(D) Four-crops-a-year economy

**32.** Khilat conferred on the nobles by the Mughal emperors was a

(A) Yemini Sword (B) Garment

(C) Sayf-i Hindi (D) Barq-andaz

**33.** Which one of the following statements is not correct concerning the Marathas ?

(A) Shivaji had asked for the desmukhi of Junar and Ahmadnagar Parganas which Prince Murad, the governor of the Deccan, had promised to try and secure after reaching the Emperor's presence.

(B) A farman of 1644 tells that Shahji had been removed from the court because of rebellious activities of his agent Dadaji Kondadeva of Kondana.

(C) Mavali foot soldiers became a strong part of Prince Murad's army in the Deccan.

(D) Shivaji conquered Javli from the Maratha chief, Chandra Rao More in 1656.

**34.** Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other is labelled as Reason (R) :

**Assertion (A) :** During the late medieval period the relations between Indians and Europeans were mainly based on a mutual trade interest.

**Reason (R) :** The settlement of European traders in India was followed with the arrival of their families, and other social groups viz. pastors, physicians and artists.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ? Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**31.** मुग़लकालीन भारत में मुख्य रूप से थी

(A) एक वर्ष में एक फसलीय अर्थव्यवस्था

(B) एक वर्ष में दो फसलीय अर्थव्यवस्था

(C) एक वर्ष में तीन फसलीय अर्थव्यवस्था

(D) एक वर्ष में चार फसलीय अर्थव्यवस्था

**32.** खिलअत जो कि मुग़ल शासकों द्वारा अमीरों को दी जाती थी, वह थी एक

(A) यमनी तलवार

(B) वस्त्र

(C) सैफ-ए हिन्दी

(D) बर्क़-अँदाज़

**33.** मराठों के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) शिवाजी ने जुन्नार और अहमदनगर परगनों की देशमुखी की माँग की थी, जिसके सम्बन्ध में शहज़ादे मुराद ने जो दक्खन का गवर्नर था, सम्राट के समक्ष उपस्थित होने के बाद कोशिश करने और सुनिश्चित करने का वायदा किया ।

(B) 1644 के एक फरमान में कहा गया है कि शाहजी को कोंडाने में उनके प्रतिनिधि (एजेंट) दादाजी कोंडदेव की विद्रोही गतिविधियों के कारण दरबार से हटा दिया गया था ।

(C) मवाली पैदल सैनिक दक्खन में शहज़ादे मुराद की सेना का सशक्त अंग बन गए थे ।

(D) शिवाजी ने 1656 में मराठा प्रमुख चन्द्र राव मोरे से जावली जीत लिया था ।

**34.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक अभिकथन (A) और दूसरा तर्क (R) है :

**अभिकथन (A) :** उत्तर मध्यकाल के दौरान भारतवासियों और यूरोपवासियों के सम्बन्ध पारस्परिक व्यापारिक हितों पर आधारित थे ।

**तर्क (R) :** भारत में यूरोपीय व्यापारियों के बसने के बाद उनके परिवारों और धर्मगुरुओं, चिकित्सकों और कलाकारों जैसे अन्य सामाजिक समूहों का आगमन हुआ ।

उपर्युक्त दो कथनों के प्रसंग में निम्नलिखित में से कौन सही है ? नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**35.** Paramountcy is the position of paramount power enjoyed by the British Government in relation to the

(A) Indian Provinces
(B) Presidency Towns
(C) Zamindars
(D) Princely States

**36.** What age of girls' marriage was fixed by the Age of Consent Act, 1860 ?

(A) 10 years
(B) 12 years
(C) 14 years
(D) 15 years

**37.** Which ruler of India became a member of the Jocobin Club ?

(A) Haider Ali
(B) Ranjit Singh
(C) Tipu Sultan
(D) Nizam of Hyderabad

**38.** Give the chronological order of the states which were annexed by Lord Dalhousie under the Doctrine of Lapse :

(i) Jhansi (ii) Udaipur
(iii) Satara (iv) Sambalpur

Select the correct answer from the code below :

**Codes :**

(A) (ii) (iv) (iii) (i)
(B) (iii) (i) (iv) (ii)
(C) (iii) (iv) (ii) (i)
(D) (iv) (iii) (i) (ii)

**39.** Under the 'Old Guarantee System' the British Companies investing in railways were assured a guaranteed dividend of :

(A) 10 %
(B) 8 %
(C) 5 %
(D) 3 %

**40.** Indian National Congress has been likened to Gramsci's war of position by

(A) Anil Seal
(B) Bipan Chandra
(C) C.A. Bayly
(D) Sumit Sarkar

Prepp
Your Personal Exams Guide

**35.** परमोच्च शक्ति वह स्थिति है जिसका उपयोग ब्रिटिश सरकार परम उच्च शक्ति के रूप में करती है

(A) भारतीय प्रान्तों के सम्बन्ध में
(B) प्रेसीडेन्सी टाउनों के सम्बन्ध में
(C) ज़मीनदारों के सम्बन्ध में
(D) राजा रजवाड़ों के राज्यों के सम्बन्ध में

**36.** एज ऑफ कन्सैंट एक्ट, 1860 ई. ने लड़कियों के विवाह की आयु कितनी निर्धारित की ?

(A) 10 वर्ष
(B) 12 वर्ष
(C) 14 वर्ष
(D) 15 वर्ष

**37.** भारत का कौन सा शासक जैकोबिन क्लब का सदस्य बन गया ?

(A) हैदर अली
(B) रंजीत सिंह
(C) टीपू सुल्तान
(D) निज़ाम ऑफ हैदराबाद

**38.** उन राज्यों को क्रमानुसार दीजिए, जिनका विलय लॉर्ड डलहौजी ने लैप्स की नीति के अधीन किया :

(i) झाँसी
(ii) उदयपुर
(iii) सतारा
(iv) संभलपुर

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) (ii) (iv) (iii) (i)
(B) (iii) (i) (iv) (ii)
(C) (iii) (iv) (ii) (i)
(D) (iv) (iii) (i) (ii)

**39.** 'पुराने गारन्टी व्यवस्था' के अधीन रेलवे में निवेश करने वाली ब्रिटिश कम्पनियों को गारन्टित लाभांश का आश्वासन था

(A) 10 %
(B) 8 %
(C) 5 %
(D) 3 %

**40.** ग्राम्सची के युद्ध स्थिति की तरह भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस की तुलना किसने की है ?

(A) अनिल सील
(B) बिपन चन्द्र
(C) सी.ए. बेली
(D) सुमित सरकार

Prepp
Your Personal Exams Guide

**41.** 'The Emergence of Indian Nationalism' is the name of a book written by

(A) Anil Seal (B) Bipan Chandra

(C) Gail Minault (D) Francis Robinson

**42.** In 1922-23 the Swarajist group in the Congress did <u>not</u> include

(A) Motilal Nehru (B) C.R. Das

(C) Hakim Ajmal Khan (D) Rajendra Prasad

**43.** The Silk Letter Conspiracy was organized by

(A) Maulana Abdul Bari

(B) Maulana Mahmud Hasan

(C) Obaidullah Sindhi and Barkatullah

(D) Muzaffar Ahmad and Mohammad Ali

Prepp Your Personal Exam Guide

**44.** The resolution on Fundamental Rights was adopted by the Congress at its

(A) Gauhati Session (1926) (B) Madras Session (1927)

(C) Lahore Session (1929) (D) Karachi Session (1931)

**45.** Consider the following events :

1. Cabinet Mission
2. Bombay Plan
3. Simon Commission
4. Mountbatten Plan

The correct chronological order of these events is

(A) 2, 1, 3, 4 (B) 3, 2, 1, 4

(C) 1, 2, 3, 4 (D) 1, 2, 4, 3

Prepp
Your Personal Exams Guide

**41.** 'दी इमरजेन्स ऑफ इण्डियन नेशनलिज़्म' एक पुस्तक का नाम है, जिसका लेखक है

(A) अनिल सील
(B) बिपन चन्द्र
(C) गेल मिनोल्ट
(D) फ्रांसिस रॉबिन्सन

**42.** काँग्रेस में 1922-23 में स्वराज ग्रुप में कौन शामिल नहीं था ?

(A) मोतीलाल नेहरू
(B) सी.आर. दास
(C) हक़ीम अजमल खान
(D) राजेन्द्र प्रसाद

**43.** रेशमी रुमाल षड़यन्त्र को संगठित किया था

(A) मौलाना अब्दुल बारी ने
(B) मौलाना महमूद हसन ने
(C) उबैदउल्ला सिन्धी और बरक़तउल्ला ने
(D) मुज़फ्फर अहमद और मुहम्मद अली ने

**44.** काँग्रेस ने मूल अधिकारों का प्रस्ताव कहाँ अपनाया था ?

(A) गौहाटी सेशन (1926) में
(B) मद्रास सेशन (1927) में
(C) लाहौर सेशन (1929) में
(D) कराची सेशन (1931) में

**45.** निम्नलिखित घटनाओं पर विचार करें :

1. कैबिनेट मिशन
2. बॉम्बे प्लान
3. साइमन कमीशन
4. माउण्टबैटेन प्लान

इन घटनाओं का सही कालानुक्रम है

(A) 2, 1, 3, 4
(B) 3, 2, 1, 4
(C) 1, 2, 3, 4
(D) 1, 2, 4, 3

**46.** The theory of 'General Will' was propounded by

(A) Abbé Sieyes (B) Montesquieu

(C) Rousseau (D) Voltaire

**47.** Which philosopher had said about the Holy Roman Empire that it is neither Holy nor Roman nor Empire ?

(A) Rousseau (B) Montesquieu

(C) Diderot (D) Voltaire

**48.** Which is not correct about the features of postmodernism ?

(A) It does not denounce the conventional history.

(B) Its historiography has recreated interest in the world of little known individuals.

(C) Its main theoretical contribution is its frontal attack on positivism.

(D) Works of history in which its influence is evident has not only extended the range of historical knowledge but also injected new life into some old ones.

**49.** Who was elected the first President of the All India Trade Union Congress (AITUC), October 31, 1920 ?

(A) V.V. Giri (B) Subhash Chandra Bose

(C) Lajpat Rai (D) C.R. Das

**50.** Consider the following statements :

**Assertion (A) :** Sirajuddaula was defeated by a small English East India Company's army.

**Reason (R) :** He failed to get the support of the Hindus.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is correct, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is correct.

**46.** 'जनरल विल' सिद्धान्त का प्रवर्तक था

(A) एबे सिये
(B) मॉन्टेस्क्यू
(C) रूसो
(D) वाल्टेयर

**47.** किस दार्शनिक ने पवित्र रोमन साम्राज्य के बारे में कहा कि यह न तो पवित्र न रोमन न साम्राज्य है ?

(A) रूसो
(B) मॉन्टेस्क्यू
(C) दिदेरो
(D) वाल्टेयर

**48.** उत्तर-आधुनिकतावाद (Postmodernism) के बारे में क्या सही नहीं है ?

(A) यह परम्परागत इतिहास की भर्त्सना नहीं करता है ।
(B) इसके इतिहास-लेखन ने कम जानने वाले व्यक्तिओं को पुन: जानने की उत्सुकता शुरू की है ।
(C) इसका मुख्य सैद्धान्तिक योगदान इसका प्रत्यक्षवाद (Positivism) पर सम्मुख आक्रमण है ।
(D) इतिहास की कृतियाँ जिन पर इसका प्रभाव सुस्पष्ट है, वह न केवल ऐतिहासिक ज्ञान तक ही पहुँचता है, परन्तु पुराने विषयों में भी नवजीवन डालता है ।

**49.** अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन काँग्रेस (ए.आई.टी.यू.सी.) अक्टूबर 31, 1920 का प्रथम अध्यक्ष किसे चुना गया ?

(A) वी.वी. गिरि
(B) सुभाष चन्द्र बोस
(C) लाजपत राय
(D) सी.आर. दास

**50.** निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए :

**कथन (A) :** सिराजुद्दौला को एक बहुत छोटी इंग्लिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी की सेना की टुकड़ी ने परास्त किया ।

**कारण (R) :** वह हिन्दुओं की सहायता प्राप्त न कर सका ।

उपर्युक्त दो वक्तव्यों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा एक सही है ?

(A) (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (A) की सही व्याख्या (R) है ।
(B) (A) तथा (R) दोनों सही हैं परन्तु (A) की सही व्याख्या (R) नहीं है ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।